**विषय- मेसर्स गावर कन्सट्रक्शन लिमिटेड,एस0एफ0-1, जे0एम0डी0 गलेरिया, सेक्टर-48, सोहना रोड, गुरूगॉव-122001 (हरियाणा) के विरूद्ध पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

यह कि परियोजना मेसर्स गावर कन्सट्रक्शन लिमिटेड, एस0एफ0-1, जे0एम0डी0 गलेरिया, सेक्टर-48, सोहना रोड, गुरूगॉव द्वारा 32 स्थलो पर 1188483 घनमीटर साधारण मिट्टी का अवैध खनन किये जाने के फलस्वरूप परियोजना के विरूद्ध बोर्ड मुख्यालय के पत्रांक एच 24157/सी-2/एन0जी0टी0-684/25 दिनांक 12.06.2025 द्वारा पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित किये जाने हेतु कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था तथा 15 दिन के अंदर स्पष्टीकरण राज्य बोर्ड को प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त कारण बताओ नोटिस के परिप्रेक्ष्य में आप द्वारा प्रत्यावेदन दिनांक 30.06.2025 के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है, जिसके सुसंगत अंश निम्नवत् है:-

"......6. We further state that this matter has already been settled/compounded in terms of letter dated 29.11.2024 (by GCL) whereby GCL categorically denied any wrongdoing and clarified that it did not wish to prolong the matter. Hence, without any admission of wrongdoing by GCL, GCL requested that the matter may be compounded and the levy (if any) may be charged on the sub-contractor, who was on site at the time. Vide letter dated 04.12.2024, the Ld. District Mining Officer, Jalaun accepted the said request and imposed a levy of INR 1,29,50,000/-. This amount was duly paid by the sub-contractor on 09.12.2024 and a letter of the same date was sent to Ld. District Mining Officer, Jalaun informing him of this position.

7. Hence, imposition of Environmental Compensation for excessive mining by the referenced Notice (for which compounding order has been issued by the respective Mining Officer, Jalaun), is without any basis and ought to be withdrawn, since the issue has already been put to rest. It bears repetition that apart from assumptions and allegations, there is neither any material on record from the contemporaneous time, nor any adjudication which finds any illegal or excessive mining by GCL. Moreover, for argument's sake, if an excess quantity of earth has been extracted by our Sub-Contractor, the Mining Department has already compounded the matter, and the compounded amount of ₹1,29,50,000/- The said amount has been deposited by our

Sub-Contractor with the Mining Department......."

उपरोक्तानुसार वर्णित तथ्यों से स्पष्ट है कि आप द्वारा एक्सप्रेस वे के निर्माण हेतु निर्गत पर्यावरणीय स्वीकृति दिनांक 23.11.2019 में मिट्टी खनन हेतु अनुमन्य मात्रा से अधिक मिट्टी खनन का कार्य किया गया है। अतः आप द्वारा प्रस्तुत प्रत्यावेदन दिनांक 30.05.2025 बलहीन एवं असंतोषजनक होने के कारण निस्तारित किया जाता है।

यह कि मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली में योजित ओ0ए0 संख्या 556/2024 (अरूण तिवारी बनाम उत्तर प्रदेश) में आच्छादित परियोजना मेसर्स गावर कन्सट्रक्शन लिमिटेड, एस0एफ0-1, जे0एम0डी0 गलेरिया, सेक्टर-48, सोहना रोड, गुरूगॉव-122001 (हरियाणा)के संबंध में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पत्रांक CM-13011/10/2024-LAW-HO-CPCB-HO-CPCB-HO/5802 दिनांक 28.10.2020 द्वारा राज्य बोर्ड को वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा-18(1)(बी) के अन्तर्गत निम्न निर्देश जारी किय गयेः-

ii. to initiate actions immediately for appropriate punitive action as applicable under the law, including levying and realization of environmental compensation, for violation of provisions of environmental laws as mentioned in above paragraphs, after duly following the principle of natural justice;

यह कि मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली में योजित ओ0ए0 सं0 556/2023 अरूण तिवारी बनाम स्टेट ऑफ यू0पी0 एवं अन्य में पारित आदेश दिनांक 21.03.2025 के सुसंगत अंश निम्नवत् हैः-

".....It has been pointed out that EC of Rs- 1,34,25,000/- was imposed upon the Project Proponent - Respondent no. 6 by order dated 10-03-2025 by the UP PCB (Page 2047) but it could not be demonstrated that while calculating the EC the extent of illegal mining by the Respondent No. 6 was taken into account. Learned counsel for the UPPCB submits that this issue will be duly considered by the UPPCB and a fresh report will be filed before the Tribunal within two weeks........"

यह कि अधीक्षण अभियन्ता, लखनऊ वृत्त, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 30.04.2025 में मानक अनुसूची दर के अन्तर्गत साधारण मृदा का मूल्य रू0 12 प्रति घनमीटर निर्धारित किया गया है जिसमें कॉर्टेज, लोडिंग, आनलोडिंग एवं स्टैकिंग चार्जेस भी सम्मिलित है, किन्तु उक्त चार्जेस को पृथक-पृथक रूप से निर्धारित नहीं किया गया है। अग्रेतर यह भी अवगत कराना है कि अनु सचिव, लोक निर्माण अनुभाग-11, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन के पत्र दिनांक 12.03.2025 के माध्यम से जनपद चन्दौली-धरौली मार्ग (अन्य जिला मार्ग) दो लेन मार्ग पर गेट निर्माण एवं प्रकाश व्यवस्था कार्य की वित्तीय स्वीकृति लोक निर्माण विभाग द्वारा की गयी है। उक्त कार्य के एनालिसिस ऑफ रेट के अन्तर्गत Compensation for Earth taken from Private Land हेतु साधारण मृदा दर रूपया 7.00 प्रति घन मीटर निर्धारित है। तदानुसार साधारण मृदा का मूल्य रू0 7.00 प्रति घनमीटर मानते हुए केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोड, दिल्ली द्वारा अवैध खनन हेतु पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति के संबंध मे तैयार की गयी मार्गदर्शिका दिनांक-29.01.2020 शीर्षक

Recommendations on Scale of Compensation to deal with the cases of illegal sand mining के अनुसार पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति रू0 2.7699185 करोड़ आंकलित होती है।

यह कि उपरोक्त वर्णित तथ्यों के दृष्टिगत राज्य बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी, झांसी द्वारा पत्र दिनांक 03.07.2025 एवं 08.07.2025 के माध्यम से परियोजना मैसर्स गावर कन्सट्रक्शन लिमिटेड, एस0एफ0-1, जे0एम0डी0 गलेरिया, सेक्टर-48, सोहना रोड, गुरूगॉव द्वारा एक्सप्रेस वे के निर्माण हेतु निर्गत पर्यावरणीय स्वीकृति दिनांक 23.11.2019 में मिट्टी खनन हेतु अनुमन्य मात्रा से अधिक मिट्टी खनन का कार्य किये जाने के फलस्वरूप आपके विरूद्ध रू0 2.7699185 करोड़ (रू0 दो करोड़ छिहत्तर लाख निन्नानवे हजार एक सौ पचासी मात्र) की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित किये जाने की संस्तुति की गयी है।

अतः उपरोक्त वर्णित तथ्यों एवं राज्य बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी, झांसी द्वारा प्रेषित संस्तुति के दृष्टिगत सक्षम स्तर से अनुमोदनोपरान्त कारण बताओ नोटिस दिनांक 12.06.2025 की पुष्टि करते हुए परियोजना मैसर्स गावर कन्सट्रक्शन लिमिटेड, एस0एफ0-1, जे0एम0डी0 गलेरिया, सेक्टर-48, सोहना रोड, गुरूगॉव के विरूद्ध एक्सप्रेस वे के निर्माण हेतु निर्गत पर्यावरणीय स्वीकृति दिनांक 23.11.2019 में मिट्टी खनन हेतु अनुमन्य मात्रा से अधिक मिट्टी खनन का कार्य किये जाने के फलस्वरूप पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति धरराशि रू0 2.7699185 करोड़ (रू0 दो करोड़ छिहत्तर लाख निन्नानवे हजार एक सौ पचासी मात्र) अधिरोपित की जाती है तथा निर्देशित किया जाता है कि उक्त पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति की धनराशि विलम्बतम् 15 दिवस में निम्नलिखित Payment Gateway एवं विविरण के माध्यम से जमा किया जाना सुनिश्चित किया जाये:-

Payment Gateway- http://erp.eshiksa.net/DirectFeesv3/UPPCB
Nature of Pollution-Air Pollution
EC imposed in Compliance-NGT Order

सक्षम अधिकारी के अनुमति से निर्गत।

Digitally signed by
ATULESH YADAV
Date: 09.07.2025
15:15:02

मुख्य पर्यावरण अधिकारी (वृत्त-2)

प्रतिलिपि:-

1. जिलाधिकारी, झांसी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. क्षेत्रीय अधिकारी उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, झांसी को इस निर्देश के साथ कि उद्योग से पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति की धनराशि निर्धारित समयावधि में प्राप्त न होने की स्थिति में भू-राज्स्व की भांति वसूली की कार्यवाही हेतु प्रस्ताव जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायें।

**Annexure-R4/2**

Ph/Fax : 0510-2320473 (O)
E-mail : rojhansi@uppcb.in

क्षेत्रीय कार्यालय उ. प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
**Regional Office, U.P. Pollution Control Board**

संदर्भ सं0 / Ref. No. 545/NGT/OA-203/26

दिनांक / Date 06.01.2026

सेवा मे,

1. जिला खान अधिकारी,
   झांसी।
2. जिला खान अधिकारी,
   उरई, जनपद–जालौन।

विषय : मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली मे विचाराधीन ओ0ए0 संख्या–203/2025, राम मिलन बनाम् स्टेट ऑफ यू0पी0 व अन्य मे पारित आदेशो के अनुपालन के सम्बन्ध मे।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करे। मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली मे विचाराधीन ओ0ए0 संख्या–203/2025, राम मिलन बनाम् स्टेट ऑफ यू0पी0 व अन्य मे शिकायकर्ता द्वारा जनपद–झांसी एवं जनपद–जालौन मे प्रवाहित हो रही नदियाँ बेतवा, धसान आदि मे बालू/मौरम खनन क्षेत्रों मे रात्रि के समय खनन, परिवहन तथा भारी मशीनों के उपयोग आदि से सम्बन्धित शिकायत की गयी है। प्रकरण मे अधोहस्ताक्षरी द्वारा मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली के समक्ष शपथ–पत्र/आख्या प्रस्तुत की जानी है।

उपरोक्त के दृष्टिगत आपसे अनुरोध है कि प्रश्नगत वाद मे अपने जनपद से सम्बन्धित शिकायतकर्ता द्वारा की गयी शिकायत के परिप्रेक्ष्य मे आख्या अधोहस्ताक्षरी को शीघ्र अति शीघ्र प्रेषित करने का कष्ट करे, ताकि ससमय मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली के समक्ष सूचनाऐं प्रस्तुत की जा सके। प्रकरण मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण मे विचाराधीन है तथा प्रकरण मे सुनवाई हेतु अग्रिम तिथि दिनांक–28.01.2026 नियत है। अतः आपका विशेषाध्यानाकर्षण अपेक्षित है।

भवदीय,

(इमरान अली)
क्षेत्रीय अधिकारी

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ सादर प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, झांसी।
2. जिलाधिकारी महोदय, उरई, जनपद–जालौन।
3. मुख्य पर्यावरण अधिकारी (वृत्त–2), उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ।
4. क्षेत्रीय अधिकारी, खनन विभाग, झांसी को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि सम्बन्धित अधिकारियों को स्वंय के स्तर से भी सूचना प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित करना चाहेगे।

क्षेत्रीय अधिकारी



उ. प्र. आवास विकास कालोनी, (तालपुरा योजना) कानपुर रोड, झाँसी– 284001

631
12/01/26

# कार्यालय जिलाधिकारी, झाँसी।

## (खनिज अनुभाग)

संख्याः– 1234 /30 एम0एम0सी0/2025–26 दिनांकः 12/01/2026

विषय :– मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली में विचाराधीन ओ0ए0 संख्या–203/2025, राम मिलन बनाम स्टेट ऑफ यू0पी0 व अन्य में पारित आदेशों के अनुपालन के सम्बन्ध में।

**क्षेत्रीय अधिकारी,**
**क्षेत्रीय कार्यालय उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,**
**झाँसी।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या–545/NGT/OA-203/26 दिनांकः 06.01.2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली में विचाराधीन ओ0ए0 संख्या–203/2025, राम मिलन बनाम स्टेट ऑफ यू0पी0 व अन्य में शिकायतकर्ता द्वारा जनपद–झाँसी एवं जनपद–जालौन में प्रवाहित हो रही नदियाँ बेतवा, धसान आदि में बालू/मौरम खनन क्षेत्रों में रात्रि के समय खनन, परिवहन तथा भारी मशीनों के उपयोग आदि से सम्बन्धित शिकायत की गयी है। प्रकरण में अधोहस्ताक्षरी द्वारा मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली के समक्ष शपथ–पत्र आख्या प्रस्तुत किये जाने सम्बन्धी आख्या उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी है।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली में विचाराधीन ओ0ए0 संख्या–203/2025, राम मिलन बनाम स्टेट ऑफ यू0पी0 व अन्य में वांछित अभिलेख की इस पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित है।

12/01/2026

ज्येष्ठ खान अधिकारी,
झाँसी।

पत्रांक व तददिनांकः
प्रतिलिपि :– जिलाधिकारी महोदय, झाँसी को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

ज्येष्ठ खान अधिकारी,
झाँसी।

**INDIA NON JUDICIAL**

IN-UP85251439548501X

## Government of Uttar Pradesh

**e-Stamp**

सत्यमेव जयते

Krishna Kant Rai
L. No. 179

| | | |
|---|---|---|
| Certificate No. | : | IN-UP85251439548501X |
| Certificate Issued Date | : | 12-Aug-2025 11:33 AM |
| Account Reference | : | NEWIMPACC (SV)/ up14278204/ JHANSI SADAR/ UP-JHS |
| Unique Doc. Reference | : | SUBIN-UPUP14278204681403505365 12X |
| Purchased by | : | R P SINGH SO SHIV BADAN SINGH |
| Description of Document | : | Article 4 Affidavit |
| Property Description | : | Not Applicable |
| Consideration Price (Rs.) | : | |
| First Party | : | R P SINGH SO SHIV BADAN SINGH |
| Second Party | : | Not Applicable |
| Stamp Duty Paid By | : | R P SINGH SO SHIV BADAN SINGH |
| Stamp Duty Amount(Rs.) | : | 10 (Ten only) |

NOTARY ★ Keshav Singh Narvaria H.Q. JHANSI Reg. No.-47 (04) 82 Valid up to 21/3/2030 ★ GOVT. OF U.P. (INDIA) NOTARIAL NOTARIAL

Please write or type below this line

Part of Affidavit

NOTARY ★ Keshav Singh Narvaria H.Q. JHANSI Reg. No.-47 (04) 82 Valid up to 21/3/2030 ★ GOVT. OF U.P. (INDIA)

Statutory Alert:

1. The authenticity of this Stamp certificate should be verified at 'www.shcilestamp.com' or using e-Stamp Mobile App of Stock Holding. Any discrepancy in the details on this Certificate and as available on the website / Mobile App renders it invalid.
2. The onus of checking the legitimacy is on the users of the certificate.
3. In case of any discrepancy please inform the Competent Authority.

**BEFORE THE HON'BLE NATIONAL GREEN TRIBUNAL PRINCIPAL BENCH, NEW DELHI**

**ORIGINAL APPLICATION NO. 203 OF 2025**

**IN THE MATTER OF:**

RAM MILAN .... **APPLICANT**

**VERSUS**

STATE OF U.P. & ORS. . ..**RESPONDENTS**

**INDEX**

| S. NO. | PARTICULARS | PAGE NO. |
|---|---|---|
| 1. | Reply Affidavit of District Magistrate –Jhansi in compliance of the order dated 27.05.2025 passed by this Hon'ble Tribunal | |
| 2. | **Annexure No. R 1: -**<br>A copy of the Government Order dated 29.11.2023 | |
| 3. | **Annexure No. R 2:-**<br>A copy of the Order dated 11.01.2024 | |
| 4. | **Annexure No. R 3: -**<br>A copy of list enumerating the details of the irregularities found during inspections, as well as the actions taken in relation to lease holders. | |

DATED: - .08.2025

**FILED THROUGH**

**(ANKIT VERMA)**
STANDING COUNSEL STATE OF U.P.
A-15, FF, NIZAMUDDIN EAST, NEW DELHI – 110013
MOB: - 9990804440
Email: - ankit.scngtup@gmail.com

**BEFORE THE HON'BLE NATIONAL GREEN TRIBUNAL PRINCIPAL BENCH, NEW DELHI**

**ORIGINAL APPLICATION NO. 203 OF 2025**

**IN THE MATTER OF:**

RAM MILAN .... **APPLICANT**

**VERSUS**

STATE OF U.P. & ORS. .....**RESPONDENTS**

**REPLY AFFIDAVIT OF SENIOR MINES OFFICER ON BEHALF DISTRICT MAGISTRATE JHANSI (RESPONDENT NO.5) IN COMPLIANCE OF ORDER DATED 27.05.2025 PASSED BY THIS HON'BLE TRIBUNAL**

The Respondent herein states as under: -

**MOST RESPECTFULLY SHOWETH: -**

I, Ram Padarath Singh aged about 46 years, S/o Shri Shiv Badan Singh , presently posted as Senior Mines Officer District Jhansi , the deponent, do hereby solemnly state and affirm as under: -

1. That I am the above-mentioned authorised officer on behalf of answering Respondent No. 5, who has duly authorised the deponent and is duly competent to file the present reply affidavit. That the Deponent is well conversant with the facts and the circumstance of the instant case and is competent to swear this affidavit.
2. That the Deponent has read and understood the contents of the present reply affidavit. The averments made in the Original Application, which are not specifically admitted hereunder, must be considered to have been denied by the Deponent.
3. That the contents of the present reply affidavit have been drafted by my counsel on my instructions and the contents of the same are true to my knowledge and nothing material has been concealed therefrom.
4. That the Deponent is posted as Senior Mines Officer District- Jhansi, since……. and is swearing this reply affidavit in his official capacity.

5. That this Hon'ble Tribunal, vide its order dated 27.05.2025 was pleased to issue the following directions: -

"..........*5. In view of the environmental questions involved in the case, we also consider it appropriate that a Joint Committee be constituted to verify the factual position and suggest appropriate remedial action. Accordingly, we constitute a Joint Committee comprising of officers duly authorized by Member Secretary, Central Pollution Control Board(CPCB), Member Secretary, Uttar Pradesh Pollution Control Board(UPPCB), Director, Mining and Geology Department, Uttar Pradesh, District Magistrate, Jhansi; District Magistrate, Jalaun; District Magistrate, Hamirpur and District Magistrate, Banda and direct the same to meet within two weeks, undertake visits to the site, look into the grievances of the applicant, associate the applicant and representative of the concerned project proponents, verify the factual position and suggest appropriate remedial action. The UPPCB will be the nodal agency for coordination and compliance.*

***6. Report of the Joint Committee may be filed by UPPCB within two months.......***"

6. That the present reply is being filed in respectful compliance of the order dated 27.05.2025 passed by this Hon'ble Tribunal.

NOTARY Keshav Singh Narwaria H.O. JHANSI

7. That in compliance of the order dated 27.05.2025, passed by this Hon'ble Tribunal it is submitted that an inspection was conducted on 01.07.2025 by the members of the Joint Committee. The complainant, Shri Ram Milan, son of Shri Virendra Kumar, resident of Muskara, District Hamirpur, Uttar Pradesh, was also present at the site wherein he submitted following declaration at the time of inspection: -

*"I have no grievance against the Mining Departments of District Jalaun and District Jhansi. However, I have objections regarding the operation of poclain machines and the resulting pits in the mining areas of Village Beri, Block No. 10/6, Village Chandeet, Block No. 21/1, and Village Ichhaura Jitkari, Block Nos. 25/17, 25/18, and 25/21, in District Hamirpur. Apart from the aforesaid, I have no other complaint."*

8. That for the purpose of ensuring effective control over illegal mining and transportation within the State, an eight-member District Level Task Force, under the Chairmanship of the District Magistrate, has been constituted in accordance with the provisions contained in Government Order No. 12/2023/1/435766/2023/86-01099/136/2019 dated 29.11.2023, issued by the Department of Geology and Mining, Government of Uttar Pradesh. A copy of the Government Order dated 29.11.2023 is being annexed as **Annexure No. R 1** to this affidavit.

9. That in pursuance of the directions contained in the aforesaid Government Order, vide Office Letter No. 1912/30M.M.C./Mineral/2023-24 dated 11.01.2024, a District Level Task Force, under the Chairmanship of the District Magistrate, and a Tehsil Level Task Force, under the Chairmanship of the Sub-Divisional Magistrate, have been constituted in District Jhansi for the purpose of exercising strict vigilance and control over illegal mining and transportation. A copy of the Order dated 11.01.2024 is being annexed as **Annexure No. R 2** to this affidavit.

10. That the members of the said Task Forces have been directed to remain vigilant and conduct surprise inspections and regular intensive checking of the operational mining leases of minor minerals such as stone blocks, boulders, grit, stone dust, sand, M-sand, and red morrum (arising from hill erosion), as well as of sites against which specific complaints of illegal mining have been received. The proceedings and actions undertaken by the constituted Committee are reviewed by the District Magistrate on a monthly basis, and necessary directions are issued to the members of the Task Force accordingly.

11. That in addition to the above, it is further submitted that, pursuant to the constitution of the Task Force vide Office Letter dated 11.01.2024, surprise inspections were carried out by its members in respect of the approved mining leases of minor minerals, such as sand and morrum, operating within the District, both after the conclusion of the monsoon season in the financial year 2024-25 and prior to the commencement of the monsoon season in the financial year 2025-26. A copy of list enumerating the details of the irregularities found during such inspections, as well as the actions taken in relation to such lease holders is being annexed as **Annexure No. R 3** to this affidavit.

NOTARY Keshav Singh H.Q. GOVT. OF INDIA

12.That it is germane to mention at this juncture that in addition to the foregoing, it is further submitted that, in order to impose an effective check upon illegal mining and transportation, during the financial year 2024-25, 02 First Information Reports (FIRs) were registered under Sections 4 and 21 of MMDR Act 1957, and during the financial year 2025-26, 28 complaints have, till date, been filed before the Hon'ble Court of the Chief Judicial Magistrate, Jhansi, which are presently pending adjudication and are being pursued by the District Administration- Jhansi.

13.That it is also submitted that, by virtue of Notification No. 436/86-2020-132-2016 TC-I, Department of Geology and Mining, Government of Uttar Pradesh, Lucknow, dated 18.03.2020, the U.P. District Mineral Foundation Trust (First Amendment) Rules, 2020 were promulgated, and in continuation thereof, Government Order No. 662/86-2020-132/2016 TC-II, Department of Geology and Mining, Government of Uttar Pradesh, Lucknow, dated 26.03.2020, was issued. The said provisions empower the authorities to utilize funds from the District Mineral Foundation Trust Fund for the creation of technical infrastructure, acquisition of necessary equipment, and engagement of personnel, with a view to controlling illegal mining/transportation from the standpoint of environmental protection and pollution control.

14.That pursuant to the provisions of the U.P. District Mineral Foundation Trust Rules, 2017, in the meeting of the Governing Council constituted thereunder, and in compliance with the directions contained in Letter No. 982/54-37 DMF-VI/2016 dated 23.09.2020 issued by the Director, Directorate of Geology and Mining, U.P., Lucknow, four (04) IOT/AI-based check-gates (namely, Jhansi-Poonch, Jhansi-Gursarai, Semri Toll Plaza, and Babina Toll Plaza) have been installed within the District. Through these check-gates, vehicles engaged in the transportation of minor minerals are subjected to electronic surveillance, and upon detection of irregularities, e-notices are issued through the e-surveillance system.

NOTARY
Keshav Singh Narvaria
H.Q. JHANSI
Reg. No.-47 (34) 02
Valid up to
21/3/2030
GOVT. OF U.P. (INDIA)

15.That, furthermore, from the year 2021 till March 2025, a total of 1,749 vehicles were identified through the aforementioned IOT/AI-based check-gates. Upon issuance of e-notices to the said vehicles, a penalty amounting to ₹4,10,51,119/- was imposed, out of which ₹2,71,92,572/- has been

realized. Additionally, 481 vehicles were blacklisted under proceedings initiated by the Assistant Regional Transport Officer, Jhansi, and the list of such blacklisted vehicles was circulated to all toll plazas and police stations in the District, so that the said vehicles could be intercepted and detained, and appropriate penal action could be taken as per law.

16. That, it is further submitted that, through the Task Force constituted vide Office Letter dated 11.01.2024, surprise inspections of approved mining leases of minor minerals (sand/morrum) operating within the District Jhansi are being carried out to ensure that the leaseholders strictly comply with the terms and conditions stipulated in the lease deed (DEED), the conditions specified in the Environmental Clearance Certificate, as well as those contained in the Consent to Operate (CTO). Strict penal action is also undertaken to curb illegal mining/transportation in accordance with the applicable statutory provisions.

17. That the deponent most humbly submits before this Hon'ble Tribunal that the DistrictAdministration- Jhansi is very conscious and vigilant about illegal sand mining/transportation in the alleged areas. The State Government undertakes before this Hon'ble Tribunal that it will leave no stone unturned in ensuring that prompt and strict penal action in accordance with law is taken against the persons involved in illegal sand mining/transportation in District- Jhansi.

18. That further the deponent most respectfully submits before this Hon'ble Tribunal that he is duty bound to ensure the compliance of the orders passed by this Hon'ble Tribunal in letter and spirit.

19. That in light of the aforementioned facts and circumstances, it is most respectfully prayed before this Hon'ble Tribunal, that the instant reply affidavit filed by the District Magistrate- Jhansi be taken on record, in the interest of justice.

NOTARY Keshav Singh H.Q. JHANSI

**DEPONENT**

**VERIFICATION**

Verified at ...Jhansi... on ...12.8.2025.... That the contents of the Paras 1 to ...19... of this affidavit are true and correct to the best of my knowledge. No part of it is false and nothing material has been concealed therefrom.

**DEPONENT**

NOTARY
Keshav Singh Narvaria
H.Q. JHANSI
Reg. No.-47 (04) 82
Valid up to 21/3/2030
GOVT. OF U.P. (INDIA)

Serial No. 1680 Date..
Certified that the foregoing statement sworn before me this day at..........
by shri Ram Prasad Singh
whom the contents of this affidavit have been read over and explained and who is identified by shri.........Sd..........
Received the legal fee Rs.35/- each
12.8.25
KESHAV SINGH NARVARIA
Advocate
Notary Distt. Jhansi (U.P.)

<u>कृपया सर्वोच्च प्राथमिकता/समयबद्ध</u>

<u>संख्या-12/2023/।/435766/2023/86-01099/136/2019</u>

प्रेषक,

अनिल कुमार-।।।,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

भूतत्व एवं खनिकर्म अनुभाग — लखनऊः दिनांक 29 नवम्बर, 2023

विषयः- अवैध खनन एवं परिवहन रोकने हेतु कार्यबल का गठन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासकीय पत्र संख्या-616/86-2018-371/2005, दिनांक 20.03.2018 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा प्रदेश में अवैध खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण लगाये जाने हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 07 सदस्यीय जनपद स्तरीय कार्यबल (Task force) का गठन किया गया है।

2. इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सम्यक विचारोपरान्त उक्त जनपद स्तरीय कार्यबल (Task force) में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस उपायुक्त (DCP), अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व)/प्रभारी खनन, सहायक पुलिस आयुक्त (ACP) तथा जनपदीय ज्येष्ठ खान अधिकारी/खनन निरीक्षक को भी सम्मिलित करते हुये प्रश्नगत कार्यबल की संरचना निम्नवत् निर्धारित किए जाने का निर्णय लिया गया है:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | जिलाधिकारी | अध्यक्ष |
| 2. | वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक/पुलिस कमिश्नर द्वारा नामित पुलिस उपायुक्त (DCP) | सदस्य |
| 3. | अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व)/प्रभारी खनन | सदस्य |
| 4. | प्रभागीय वनाधिकारी | सदस्य |
| 5. | उपजिलाधिकारी | सदस्य |
| 6. | पुलिस क्षेत्राधिकारी/सहायक पुलिस आयुक्त (ACP) | सदस्य |
| 7. | सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी | सदस्य |
| 8. | जनपदीय ज्येष्ठ खान अधिकारी/खान अधिकारी/खनन निरीक्षक (खान अधिकारी नियुक्त न होने की दशा में) | सदस्य/सचिव |

NOTARY Keshav Singh Narvaria Reg. No. 47 (04) 82 Valid up 21/3/2030 GOVT. OF U.P.

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

. साथ ही यह भी मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया अब उपरोक्तानुसार गठित 08 सदस्यीय कार्यबल द्वारा प्रदेश में अवैध खनन व परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु प्रत्येक माह 02 औचक निरीक्षण के साथ-साथ नियमित रूप से प्रवर्तन कार्य किया जाय। कार्यबल द्वारा प्रत्येक सप्ताह अवैध खनन/परिवहन की सघन चेकिंग की जाय तथा उक्त सूचना निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म, उ0प्र0, लखनऊ को प्रत्येक माह की 05 तारीख तक नियमित रूप से ई-मेल cmo.lko62@gmail.com पर उपलब्ध करायी जाए।

जनपद स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक में आपके द्वारा स्वयं प्रवर्तन कार्यों की प्रभावी समीक्षा तथा प्रवर्तन सम्बन्धी कार्यों में शिथिलता पाये जाने पर सम्बन्धित उत्तरदायी अधिकारियों/कर्मचारियों व कार्य से संबंधित व्यक्तियों के विरूद्ध नियमों के अधीन कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

कृपया उक्त निर्देशों का कडाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

भवदीय,
अनिल कुमार-।।।
प्रमुख सचिव।

संख्या एवं दिनांक: उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त पुलिस आयुक्त, उत्तर प्रदेश।
4. निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तर प्रदेश को इस निदेश के साथ प्रेषित कि कृपया जनपदों से कार्यबल द्वारा प्रेषित मासिक रिपोर्ट को संकलित कर उसके आधार पर एक समेकित रिपोर्ट संस्तुति सहित प्रतिमाह शासन को उपलब्ध करायी जाय।
5. समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, उत्तर प्रदेश।
6. समस्त जनपदीय ज्येष्ठ खान अधिकारी/खान अधिकारी/खनन निरीक्षक,उत्तर प्रदेश। (द्वारा निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तर प्रदेश)
7. गार्ड फ़ाईल।

आज्ञा से,
विजय कुमार
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

# कार्यालय जिलाधिकारी,झाँसी।

## (खनिज अनुभाग)

पत्रांकः 1913 / 30एम0एम0सी0 / खनिज / 2023-24 दिनांकः 11 / 01 / 2024

### आदेश

जनपद में अवैध परिवहन (बिना परिवहन प्रपत्र / बिना आई0एस0टी0पी0 / बिना माईन टैक) तथा उपखनिजों के ओवरलोड पर प्रभाती नियंत्रण रखने के उद्देश्य से शासकीय पत्र संख्या-12 / 2023 / 1 / 435766 / 2023 / 86-01099 / 136 / 2019 दिनांक:29.11.2023 में दिये गये निर्देश के कम में झाँसी-कानपुर हाई-वे (थाना-पूंछ) एवं गुरसराय-कोटरा मार्ग (थाना-एरच) से परिवहन करने वाले उपखनिजों के वाहनों की नियमित जाँच किये जाने हेतु निम्नानुसार प्रवर्तन दल का गठन किया जाता है :-

| | |
|---|---|
| **प्रवर्तन दल-(A) झाँसी-कानपुर हाई-वे (थाना-पूंछ)** | |
| 1. | उप जिलाधिकारी, मोंठ अथवा उनके द्वारा नामित अधिकारी / कर्मचारी |
| 2. | ज्येष्ठ खान अधिकारी / खान निरीक्षक / सर्वेक्षक / खनिज मुहर्रिर |
| 3. | क्षेत्राधिकारी पुलिस, मोंठ अथवा उनके द्वारा नामित अधिकारी / कर्मचारी |
| 4. | तहसीलदार / नायब तहसीलदार, मोंठ |
| 5. | सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, झाँसी |
| 6. | थानाध्यक्ष-पूंछ |
| **प्रवर्तन दल-(B) गुरसराय-कोटरा मार्ग (थाना-एरच)** | |
| 1. | उप जिलाधिकारी, गरौठा अथवा उनके द्वारा नामित अधिकारी / कर्मचारी |
| 2. | ज्येष्ठ खान अधिकारी / खान निरीक्षक / सर्वेक्षक / खनिज मुहर्रिर |
| 3. | क्षेत्राधिकारी पुलिस, गरौठा अथवा उनके द्वारा नामित अधिकारी / कर्मचारी |
| 4. | तहसीलदार / नायब तहसीलदार, गरौठा |
| 5. | सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, झाँसी |
| 6. | थानाध्यक्ष-एरच |

अतः उपरोक्त प्रवर्तन दल को निर्देशित किया जाता है कि अपने दल के सदस्यों से समन्वय स्थापित करते हुए आवंटित निरीक्षण क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए उपखनिज यथा गिट्टी / बोल्डर / डस्ट / बालू / मौरम / एम सेन्ट / पहाड़ी क्षरण से उत्पन्न लाल मौरम आदि का परिवहन करने वाले वाहनों में परिवहन प्रपत्र ई-एम0एम0-11 / ई-प्रपत्र-सी / सम्बन्धित राज्य से वैध अभिवहन प्रपत्र (ETP) / अन्तर्राज्यीय परिवहन प्रपत्र (ISTP) / बिना माईन टैक तथा ओवरलोड वाहनों की जाँच करना सुनिश्चित करेंगे। जाँच के दौरान पायी गयी अनिमितताओं पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही कर उसकी निमित्त आख्या सूचना / रिपोर्ट अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) / प्रभारी अधिकारी (खनिज), झाँसी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

NOTARY GOVT. OF INDIA Keshav Singh H.Q. JHANSI Reg. No. 47 (04) 82 Valid up to 21/1/2030

जिलाधिकारी,
झाँसी।

पत्रांक व दिनांक:

प्रतिलिपि :- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- प्रमुख सचिव, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2- निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय उ0प्र0, खनिज भवन, लखनऊ।
3- मा0 आयुक्त, झाँसी मण्डल, झाँसी।
4- प्रवर्तन दल का गठित सभी सदस्यों को अनुपालनार्थ हेतु।

12/01/24

जिलाधिकारी,
झाँसी।

# कार्यालय जिलाधिकारी,झाँसी।

(खनिज अनुभाग)

पत्रांकः– 779/30एम0एम0सी0 / 2024–25 दिनांक 25/10 / 2024

## नोटिस

मेसर्स राशि इण्टरप्राईजेज
प्रो0 हरी शंकर राजपूत
पुत्र श्री कल्याण सिंह राजपूत
निवासी–453ख, चिरगांव–देहात,
तहसील–मौंठ, जनपद–झाँसी।

आपके पक्ष में स्वीकृत खनन अनुज्ञा के सम्बन्ध में सोशल मिडिया प्लेटफॉर्म एक्स (x) पर दिनांकः 23.10.2024 ट्विटकर्ता Pushpendra Yadav jhansi (@pushpendrayad13) द्वारा किये गये पोस्ट जिसमें उल्लेख किया गया है कि ''एरच थाना क्षेत्र के डेरा बालू घाट पर धड़ल्ले से हो रहा अवैध खनन, प्रतिबन्धित मशीनों से खनन माफिया बेतवा नदी का सीना कर रहे छलनी, एन0जी0टी0 के नियमों को ठेंगा दिखा रहे अवैध खनन'' एवं दिनांकः 24.10.2024 को ट्विटकर्ता Hindi khabar (@hindikhabar) यूजर द्वारा किये गये पोस्ट जिसमें उल्लेख किया गया है कि ''जनपद के डेरा बालू घाट पर अवैध खनन का खेल फिर से शुरू, प्रतिबन्धित दर्जनों मशीनों, पन्नडुबियां, लिफ्टर से अवैध खनन से जारी'' का संज्ञान लेते हुए ज्येष्ठ खान अधिकारी–झाँसी एवं खान निरीक्षक, झाँसी के संयुक्त दल द्वारा जनपद–झाँसी के तहसील–गरौठा स्थित ग्राम–एरच के आराजी संख्या–420, 421, 422, 423 एवं 426 रकवा 2.386 हेक्टेयर क्षेत्रफल में स्वीकृत खनन अनुज्ञा क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण आज दिनांकः 24.10.2024 को समय 03:14 PM बजे किया गया। प्रश्नगत खनन पट्टा क्षेत्र की निरीक्षण आख्या निम्नवत् हैः–

1. प्रश्नगत खनन अनुज्ञा क्षेत्र में कोई भी सीमा स्तम्भ अपने बाउण्ड्री कॉओर्डिनेट अर्थात (A-B-C-D-E-F-G-H-A) पर लगा हुआ नहीं पाया गया।
2. प्रश्नगत खनन अनुज्ञा क्षेत्र के बाउण्ड्री कॉओर्डिनेट (E) से लगभग 190 मीटर की दूरी पर (पूरब दिशा की ओर) स्वीकृत क्षेत्र से बाहर एक सक्शन मशीन लिफ्टर नदी में बीचो–बीच भागते हुए पाया गया तथा अनुज्ञा क्षेत्र के बाहर जी0पी0एस0 बिन्दु 25°49'16''N 79°06'55'' E पर सक्शन मशीन लिफ्टर के माध्यम से खनन किये जाने के चिन्ह पाये गये।
3. बाउण्ड्री कॉओर्डिनेट (B) से लगभग 50 मीटर की दूरी पर (उत्तर दिशा की ओर) एवं बाउण्ड्री कॉओर्डिनेट (E) से लगभग 190 मीटर की दूरी पर (पूरब दिशा की ओर) स्वीकृत क्षेत्र से बाहर अनुज्ञाधारक द्वारा नदी में रास्ता बनाकर अवैध खनन कर भण्डारित मात्रा की पैमाईश की गयी जिसका विवरण निम्नवत् हैः–

| अवैध खनन का स्थान जी0पी0एस0 कॉर्डिनेट्स | लम्बाई (मीटर में) | चौड़ाई (मीटर में) | ऊचांई (मीटर में) | कुल मात्रा (घनमीटर में) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (2X3X4) |
| 25°49'16''N 79°06'55'' E | 15 | 22 | 0.6 | 198 |
| 25°49'22''N 79°06'37'' E | 70 | 6.8 | 1.5 | 714 |
| कुल योग | | | | 912 |

उपरोक्त प्रस्तुत निरीक्षण आख्या के अनुसार आप द्वारा किया गया उक्त कृत्य यथा खनन अनुज्ञा क्षेत्र में कोई भी सीमा स्तम्भ अपने बाउण्ड्री कॉओर्डिनेट अर्थात (A-B-C-D-E-F-G-H-A) पर लगा हुआ नहीं पाया गया, प्रश्नगत खनन अनुज्ञा क्षेत्र के बाउण्ड्री कॉओर्डिनेट (E) से लगभग 190 मीटर की दूरी पर (पूरब दिशा की ओर) स्वीकृत क्षेत्र से बाहर एक सक्शन मशीन लिफ्टर नदी में बीचो–बीच भागते हुए पाया गया तथा अनुज्ञा क्षेत्र के बाहर जी0पी0एस0 बिन्दु 25°49'16''N 79°06'55'' E पर सक्शन मशीन लिफ्टर के माध्यम से खनन किये जाने के चिन्ह पाये गये, बाउण्ड्री कॉओर्डिनेट (B) से लगभग 50 मीटर की दूरी पर (उत्तर दिशा की ओर) एवं बाउण्ड्री कॉओर्डिनेट (E) से लगभग 190 मीटर की दूरी पर (पूरब

2–

NOTARY Keshav Singh Nalvoria H.Q. JHANSI Reg. No.-47 (04) 82 Valid upto 21/3/2030 GOVT. OF U.P. (INDIA)

(2)

दिशा की ओर) स्वीकृत क्षेत्र से बाहर अनुज्ञाधारक द्वारा नदी में रास्ता बनाकर अवैध खनन कर भण्डारित मात्रा की पैमाईश की गयी। जिसमें स्वीकृत क्षेत्र से बाहर प्रतिबन्धित मशीन लिफ्टर के माध्यम से अवैध खनन कर 912.00 घनमीटर भण्डारित किये जाने का कृत्य उपखनिज (परिहार) नियमावली–2021 के नियम–3, 35, 36(1) व 42ज(1) का स्पष्ट उल्लंघन है। जिसमें सीमा स्तम्भ न लगाये जाने के कारण उक्त नियमावली,2021 के नियम–60(3) के अन्तर्गत 25,000.00 की शास्ति की धनराशि, सक्शन मशीन लिफ्टर के माध्यम से क्षेत्र के बाहर अवैध खनन किये जाने के कारण नियम–60(4) (प्रति अवसर पाँच लाख रूपये की धनराशि) के अन्तर्गत कुल रू0 5,00,000.00 की धनराशि, पर्यावरण शर्तों के उल्लंघन के कारण नियम–60(2) के अन्तर्गत 50,000.00 की धनराशि एवं क्षेत्र के बाहर अवैध खनन कर भण्डारित 912.00 घनमीटर बालू/मौरम पर रॉयल्टी के रूप में रू0 1,36,800.00 तथा खनिमुख मूल्य के रूप में रू0 1,36,800.00 X 5 = 6,84,000.00 की धनराशि व नियम–58 के अन्तर्गत रू0 5,00.000.00 की शास्ति शुल्क अधिरोपित कर कुल धनराशि रू0 18,95,800.00 अधिरोपित की जाती है।

इसी प्रकार पूर्व में भी प्रश्नगत खनन अनुज्ञा क्षेत्र में कार्यालय पत्र संख्या–2082/30एम0एम0सी0/2023–24 दिनांकः 26.02.2024 के माध्यम से निरीक्षण आख्या दिनांकः 24.02.2024 में उल्लिखित तथ्यों के कम में नोटिस निर्गत कर उ0प्र0 उपखनिज (परिहार) नियमावली,2021 के नियम–36 का उल्लंघन पाये जाने पर नियम–60(3) के अन्तर्गत रू0 50,000.00 की धनराशि अधिरोपित कर वसूल की कार्यवाही की गयी, प्रशनगत खनन अनुज्ञा क्षेत्र का दिनांकः 30.03.2024 को भी आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें उ0प्र0 उपखनिज (परिहार) नियमावली,2021 के नियम–3, 36(1), 36(2) व 42(ज) का उल्लंघन आप द्वारा द्वितीय बार किया गया। जिसमें कार्यालय पत्र संख्या–12/ 30एम0एम0सी0/2024–25 दिनांकः 03.04.2024 के माध्यम से नोटिस निर्गत कर उक्त नियमावली के नियम–58, 60(3) एवं 60(4) के अन्तर्गत रू0 10,50,000.00 की धनराशि अधिरोपित कर वसूल की गयी एवं पुनः कतिपय प्राप्त शिकायतों के आधार पर प्रशनगत खनन अनुज्ञा क्षेत्र का दिनांकः 01.05.2024 को उपजिलाधिकारी,गरौठा की अध्यक्षता में (राजस्व विभाग, पुलिस विभाग एवं खनिज विभाग) आकस्मिक निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण आख्या में उ0प्र0 उपखनिज (परिहार) नियमावली,2021 के नियम–3 व 42(ज)(1) का उल्लंघन आप द्वारा तृतीय बार किया गया। जिसमें कार्यालय पत्र संख्या–102/ 30एम0एम0सी0/2024–25 दिनांकः 04.05.2024 के माध्यम से नोटिस निर्गत कर उक्त नियमावली के नियम–58 व 60(4) के अन्तर्गत रू0 25,00,000.00 की धनराशि अधिरोपित कर वसूल की गयी।

उपरोक्त से स्पष्ट है कि आप द्वारा उ0प्र0 उपखनिज (परिहार) नियमावली–2021 के नियम–3, 35, 36(1), 36(2), 42ज(1) एवं पर्यावरण शर्तों तथा स्वीकृत खनन अनुज्ञा में उल्लिखित शर्तों का उल्लंघन बार–बार किया जा रहा है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि नोटिस प्राप्ति के पन्द्रह कार्य दिवस के अन्दर उपरोक्तानुसार शस्ति के रूप में अधिरोपित धनराशि रू0 18,95,800.00 खनिज के निर्धारित लेखाशीर्षक "अलौह खनन तथा धातुकर्म उद्योग 0853" में जमा कर चालान की एक प्रति कार्यालय में उपलब्ध कराते हुए इस सम्बन्ध में अपना स्पष्टीकरण स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत करें की क्यों न उ0प्र0 उपखनिज (परिहार) नियमावली,2021 के नियम–61(1) के अन्तर्गत आपके पक्ष में स्वीकृत खनन अनुज्ञा के निरस्तीरण की कार्यवाही की जाय।

NOTARY Keshav Singh Narvariya H.Q. JHANSI Reg. No. 47 (04) 82 Valid upto 21/3/2030 GOVT. OF U.P. (INDIA)

जिलाधिकारी,
o/c झाँसी।

पत्रांक व तद् दिनांकः

प्रतिलिपिः– निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशाल, उ0प्र0 लखनऊ सादर सूचनार्थ प्रेषित।

जिलाधिकारी,
झाँसी।

# कार्यालय जिलाधिकारी, झाँसी

(खनिज अनुभाग)

पत्रांकः– 973/उ0एम0एम0सी0/2024–25 दिनांकः17/12/2024

नोटिस

मेसर्स भरोसा सरकार कान्ट्रेक्टर एण्ड सप्लायर्स
प्रो0 श्री दिनेश कुमार राजपूत पुत्र श्री शीतल प्रसाद
निवासी–ग्राम भरोसा, तहसील–मोंठ, जिला–झाँसी।

जनपद–झाँसी के तहसील–गरौठा स्थित ग्राम–खरवांच के आराजी संख्या–908न (खण्ड–2) रकवा–24.00 हे0 क्षेत्र पर धसान नदी तल स्थित बालू/मोरम का नीलामी पट्टा 05 वर्ष (दिनांकः 06.12.2021 से दिनांकः 05.12.2026 तक) की अवधि हेतु आपके पक्ष में स्वीकृत है। उक्त स्वीकृत खनन पट्टा क्षेत्र के सम्बन्ध में खान निरीक्षक, झाँसी द्वारा प्रेषित "जॉच आख्या दिनांकः 11.12.2024 उल्लेख किया गया है कि " मा0 हरित न्यायाय, नई दिल्ली में योजित ओ0ए0 संख्या–1025/2024 "सुरेन्द्र सिंह परिहार बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य" में मा0 न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांकः 05.11.2024 में गठित समिति एवं प्रभारी अधिकारी खनिज, ज्येष्ठ खान अधिकारी, झाँसी के साथ अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रश्नगत क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण दिनांकः 11.12.2024 को किया गया। निरीक्षण के समय खनन कार्य बन्द होना पाया गया तथा सीमास्तम्भ अपने निर्धारित भू–निर्देशांक पर लगा होना पाया गया किन्तु पट्टा क्षेत्र के लगा हुआ कैमरा संचालित होना नहीं पाया गया। उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि आज दिनांक से पूर्व दिनांकः 16.11.2024 को प्रश्नगत क्षेत्र का निरीक्षण अधोहस्ताक्षरी द्वारा किया गया था जिसमें पट्टा क्षेत्र में पी0टी0जेड0 कैमरा संचालित होना नही पाया गया था, जिसके उपरान्त अधोहस्ताक्षरी द्वारा पत्र दिनांकः 19.11.2024 के माध्यम से पट्टाधारक को नोटिस प्रेषित किया गया।" उक्त नोटिस दिनांकः 19.11.2024 मे उल्लिखित धनराशि का भुगतान आप द्वारा आज दिनांक तक नहीं किया गया है।

उपरोक्त प्रस्तुत निरीक्षण आख्या के अनुसार दिनांकः 16.11.2024 को Last date of inspection मानते हुए दिनांकः 16.11.2024 से दिनांकः 11.12.2024 की अवधि में पी0जी0जेड0 कैमरा संचालित न होने की दशा में उ0प्र0 उपखनिज (परिहार) नियमावली–2021 के नियम–60(3) के अन्तर्गत प्रति चूक के लिए प्रतिदिन रू0 25,000.00 की दर से शास्ति शुल्क (यानि की रू0 25,000.00 X 25 = 6,25,000.00) अधिरोपित की जाती है। इस प्रकार नोटिस दिनांकः 19.11.2024 के माध्यम से रू0 25,000.00 की धनराशि तथा वर्तमान में अधिरोपित रू0 6,25,000.00 की धनराशि का कुल योग करते हुए रू0 6,50,000.00 की अधिरोपित की जाती है।

अतः उ0प्र0 उपखनिज (परिहार) नियमावली–2021 के नियम–36(2) का उल्लंघन किये जाने की दशा में नियम–60(3) के अन्तर्गत रू0 6,50,000.00 की अधिरोपित धनराशि को यथा शीघ्र खनिज के निर्धारित लेखाशीर्षक "अलौह खनन तथा धातुकर्म उद्योग 0853" में जमा कर चालान की प्रति इस कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में उक्त धनराशि को आप द्वारा जमा की गयी प्रतिभूति की धनराशि में से कटौती करने सम्बन्धित कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

NOTARY Keshav Singh ... GOVT. OF U.P. (INDIA) ... 21/3/2030

17/12/2024
ज्येष्ठ खान अधिकारी
झाँसी।

पत्रांक व तद्दिनांकः–
प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. जिलाधिकारी महोदय, झाँसी।
2. अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), झाँसी।

17/12/2024
ज्येष्ठ खान अधिकारी
झाँसी।

# कार्यालय जिलाधिकारी,झॉसी।

(खनिज अनुभाग)

पत्रांकः–959 / 30एम0एम0सी0 / 2024–25

दिनांक 12/12./2024

## नोटिस

**श्री संजीव कुमार गुप्ता पुत्र श्री प्रेमचन्द्र गुप्ता**
**निवासी–91–बी0 ककराही–1 बाजार–1,**
**दिबियापुर, जनपद–औरैया।**

जनपद–झॉसी के तहसील–गरौठा स्थित ग्राम–मोतीकटरा के आराजी संख्या–1419 (खण्ड–01) रकवा **24.000** हेक्टेयर क्षेत्र पर बेतवा नदी तल स्थित बालू/मोरम का नीलामी पट्टा 05 वर्ष (दिनांकः 08.10.2024 से दिनांकः 07.10.2024 तक) की अवधि हेतु आपके पक्ष में स्वीकृत है। उक्त स्वीकृत खनन पट्टा क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण दिनांकः 04.12.2024 को समय 05:54 PM बजे ज्येष्ठ खान अधिकारी, झॉसी एवं खान निरीक्षक, झॉसी द्वारा किया गया जिसका निरीक्षण आख्या निम्नवत् हैः–

1. प्रश्नगत खनन पट्टा क्षेत्र में सीमास्तम्भ अपने निर्धारित जी0पी0एस0 बिन्दु कोर्डिनेट पर न लग कर किसी और जी0पी0एस0 बिन्दु कोर्डिनेट पर लगा होना पाया गया।
2. प्रश्नगत खनन पट्टा क्षेत्र में जल स्तर आने के बाद भी खनन के चिन्ह पाये गये।
3. प्रश्नगत खनन पट्टा क्षेत्र के बाहर नदी की जलधारा पत्थरो के माध्यम से बाधित किया जाना पाया गया, जिसे मौके पर हटाकर जल का बहाव पुनः चालू कर दिया गया।
4. खनन पट्टा क्षेत्र के बाहर खनन किया जाना पाया गया, जिसका पैमाईस निम्नवत् हैः–

| लम्बाई | चौडाई | गहराई | कुल मात्रा |
|---|---|---|---|
| 29 | 20 | 1 | 580 |

उपरोक्तानुसार प्रस्तुत निरीक्षण आख्या के अनुसार प्रश्नगत खनन पट्टा क्षेत्र में सीमास्तम्भ अपने निर्धारित जी0पी0एस0 बिन्दु कोर्डिनेट पर न लग कर किसी और जी0पी0एस0 बिन्दु कोर्डिनेट पर लगा होना पाया गया, जो उ0प्र0 उपखनिज (परिहार) नियमावली–2021 के नियम–36 का उल्लंघन है जिसमें नियम–60(3) के अन्तर्गत **रू0 25,000.00** की शास्ति तथा प्रश्नगत खनन पट्टा क्षेत्र में जल स्तर आने के बाद भी खनन के चिन्ह पाया जाना नियम–42(ज) का उल्लंघन है जिसमें नियम–60(4) के अन्तर्गत रू0 5,00,000.00 की शास्ति शुल्क एवं प्रश्नगत खनन पट्टा क्षेत्र के बाहर नदी की जलधारा पत्थरो के माध्यम से बाधित किया जाना नियम–42(ज) एवं पर्यावरण स्वच्छता प्रमाण पत्र का उल्लंघन है जिसमें नियम–60(4) एवं 60(2) के अनुसार **रू0 5,50,000.00** तथा स्वीकृत खनन पट्टा क्षेत्र के बाहर 580 घनमीटर बालू/मोरम का अवैध खनन किया जाना उपखनिज (परिहार) नियमावली–2021 के नियम–3 का स्पष्ट उल्लंघन होने के कारण नियम–58 के अन्तर्गत रू0 5,00,000.00 की **शास्ति शुल्क एवं 580.00 घनमीटर** बालू/मोरम का रॉयल्टी के रूप में रू0 87,000.00 तथा खनिमुख मूल्य के रूप में **रू0 87,000-00 X 5 = 4,35,000.00** की धनराशि अधिरोपित किया जाता है। इस प्रकार कुल रू0 **20,97,000.00** को अधिरोपित किये जाने हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिनांकः12/12/2024 आदेश पारित किया गया।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि नोटिस प्राप्ति के एक सप्ताह के अन्दर उपरोक्तानुसार निरीक्षण आख्या दिनांकः 04.12.2024 में उल्लिखित अनियमितताओं के सम्बन्ध में निर्धारित प्राविधानों के अनसुार **शास्ति की कुल धनराशि रू0 20,97,000.00** खनिज के निर्धारित लेखाशीर्षक "अलौह खनन तथा धातुकर्म उद्योग 0853" में जमा कर चालान की एक प्रति कार्यालय में उपलब्ध सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में शास्ति की अधिरोपित धनराशि की वसूली भू–राजस्व की भांति वसूल की जायेगी जिसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।

NOTARY Keshav Singh ... GOVT. OF U.P. (INDIA)

जिलाधिकारी,
झॉसी।

RU193781168IN IVR:8285193781168
RL JHANSI KUTCHERY SO <284001>
Counter No:5,18/12/2024,15:07
To:SANJEEV KUMAR JHA ,DIBIYA PUR
PIN:206122, Auraiya HO
From:JYESTHA KHAN ADIKARI ,JHANSI
Wt:20gms,REG=17.0
Amt:25.96,Tax:3.96,Amt.Paid:26.00(Cash)
<Track on www.indiapost.gov.in>
<Dial 18002666868> <Wear Masks, Stay Safe>

वं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
खनिकर्म विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
कर्म निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।

जिलाधिकारी,
झॉसी।

# कार्यालय जिलाधिकारी,झाँसी।

(खनिज अनुभाग)

पत्रांकः–2036/30एम0एम0सी0/2024–25 दिनांकः 01/03/2025

## नोटिस

मेसर्स भरोसा सरकार कॉन्ट्रेक्टर एण्ड सप्लायर्स
प्रो0 श्री दिनेश कुमार राजपूत पुत्र श्री शीतल प्रसाद
निवासी–ग्राम भरोसा, तहसील–मोंठ, जिला–झाँसी।

जनपद–झाँसी के तहसील–गरौठा स्थित ग्राम–खरवांच के आराजी संख्या–908न (खण्ड–02) में 20.000 हेक्टेयर क्षेत्र पर धसान नदी तल स्थित बालू/मोरम के क्षेत्र को 05 वर्ष (दिनांकः 06.12.2021 से दिनांकः 05.12.2026 तक) की अवधि हेतु आपके पक्ष में स्वीकृत/निष्पादित किया गया है।

उक्त पट्टा के सम्बन्ध में मा0 हरित न्यायालय, नई दिल्ली में योजित ओ0ए0 संख्या–1025/2024 सुरेन्द्र सिंह परिहार बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य में मा0 न्यायालय द्वारा आपने आदेश दिनांकः 05.11.2024 में निम्न आदेश पारित किये गये हैः–

*"4. We accordingly constitute a Joint Committee comprising District Magistrate, Jhansi; Uttar Pradesh State Pollution Control Board; and Central Pollution Control Board*

उक्त आदेश के अनुपालन में गठित समिति द्वारा प्रश्नगत खनन पट्टा क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण दिनांकः 11.12.2024 को कर आख्या मा0 हरित अधिकरण न्यायालय में दाखिल की जा चुकी है, जो मा0 हरित अधिकरण न्यायालय,नई दिल्ली की अधिकारिक वेबसाईट (www.greentribunal.gov.in) पर प्रदर्शित है, जिसमें उल्लेख किया गया है कि पट्टाधारक द्वारा पर्यावरण अनापत्ति प्रमाण–पत्र दिनांकः 26.11.2021 एवं Consent To Operate (CTO) दिनांकः 19.04.2023 में उल्लिखित समस्त शर्तो का शतप्रतिशत अनुपालन नहीं किया जाना उ0प्र0 उपखनिज (परिहार) नियमावली–2021 के नियम–35 का उल्लंघन है, जिसमें नियम–60(2) के अन्तर्गत कार्यवाही किये जाने के निम्न प्राविधान हैः–

**"नियम–35 के अधीन उपबन्धित उपबंधो के अनुसार जारी अनुमोदित खनन योजना और पर्यावरण अनापत्ति प्रमाण–पत्र में उल्लिखित निबन्धन एवं शर्तों का उल्लंघन करते हुए जो पट्टेदार खनन कार्य करता है वह चूक के प्रति अवसर के अनुसार पचास हजार रूपये की दर से ऐसी शास्ति के लिए दायी होगा, जिसकी वसूली जिला मजिस्ट्रेट उक्त खनन पट्टा के सापेक्ष जमा की गयी प्रतिभूति की धनराशि से करेगा।"**

अतः जिलाधिकारी महोदय द्वारा पारित आदेश दिनांकः 01.03.2025 में पर्यावरण अनापत्ति प्रमाण–पत्र की शर्तो का पालन नहीं किये जाने का कृत्य उ0प्र0 उपखनिज (परिहार) नियमावली–2021 के नियम–35 का उल्लंघन है, जिसमें नियम–60(2) के अन्तर्गत रू0 50,000.00 के शास्ति की धनराशि अधिरोपित की जाती है तथा आपको निर्देशित किया जाता है कि नोटिस प्राप्ति के 03 दिवस के अन्दर शास्ति की खनिज के निर्धारित लेखाशीर्षक "अलौह खनन तथा धातुकर्म उद्योग 0853" में जमा कर चालान की एक प्रति कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में शास्ति की अधिरोपित बकाया धनराशि जमा प्रतिभूति के मद से वसूल की जायेगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

01/03/2025
ज्येष्ठ खान अधिकारी,
झाँसी।

पत्रांक व तददिनांक
प्रतिलिपिः– जिलाधिकारी महोदय को सादर सूचनार्थ।

ज्येष्ठ खान अधिकारी,
झाँसी।

# कार्यालय जिलाधिकारी,झाँसी।

(खनिज अनुभाग)

पत्रांकः–1068/30एम0एम0सी0/2024–25 दिनांक 17/01/2025

## नोटिस

**शिवा कॉर्पोरेशन (इण्डिया) लिमिटेड द्वारा**
**निदेशक श्री आशु सिंह भाटी**
**पुत्र श्री मगन सिंह भाटी**
**निवासी–बारू भाटियों का मोहल्ला,**
**बरू जोधपुर (जोधपुर)।**

आपके पक्ष में स्वीकृत खनन अनुज्ञा के सम्बंन्ध में सोशल मिडिया पर प्रकाशित हिन्दी खबर के क्रम में दिनांकः 09.01.2025 को राजस्व विभाग टहरौली, पुलिस विभाग, टहरौली एवं खनिज विभाग, झाँसी के संयुक्त दल द्वारा जनपद–झाँसी के तहसील–गरौठा स्थित ग्राम–टेहरका के आराजी संख्या–278, 293 में रकवा–20.234 हे0 में स्वीकृत उपखनिज बालू/मोरम के खनन अनुज्ञा क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण की आख्या निम्नवत् हैः–

"सोशल मिडिया पर प्रकाशित हिन्दी खबर के क्रम में आज दिनांकः 09.01.2025 को ग्राम–शमशेरपुरा में बालू/मोरम के अवैध खनन की जॉच उपजिलाधिकारी–टहरौली, पुलिस क्षेत्राधिकारी–गरौठा, ज्येष्ठ खान अधिकारी, झाँसी एवं सर्वेक्षक, झाँसी द्वारा किया गया। कार्यालय अभिलेखों के अनुसार मैसर्स शिवा कार्पोरेशन (इण्डिया) लि0 निदेशक श्री आशू सिंह भाटी पुत्र श्री मगन सिंह भाटी निवासी–45, पश्चिम बिहार, वैशाली नगर, जयपुर राजस्थान के पक्ष में जनपद–झाँसी के तहसील–गरौठा स्थित ग्राम–टेहरका के आराजी संख्या–278, 293 में रकवा–20.234 हे0 क्षेत्र पर दिनांकः 07.12.2024 से दिनांकः 06.06.2025 तक की अवधि हेतु बालू/मोरम का खनन अनुज्ञा–पत्र 06 माह की अवधि के लिए स्वीकृत/संचालित है।

निरीक्षण के समय ग्राम–शमशेरपुरा में बालू/मोरम का अवैध खनन होते हुए नहीं पाया गया। ग्राम–टेहरका में स्वीकृत/संचालित खनन पट्टा क्षेत्र के बाहर बालू/मोरम का अवैध खनन किया जाना पाया गया। जिसके निर्देशांक निम्नवत् हैः–

| क0स0 | GPS निर्देशांक | |
|---|---|---|
| | Latitude (N) | Longitude (E) |
| 1 | 25°42'24.20" | 79°01'39.40" |
| 2 | 25°42'24.40" | 79°01'40.87" |
| 3 | 25°42'23.45" | 79°01'40.73" |
| 4 | 25°42'23.36" | 79°01'38.79" |

स्वीकृत क्षेत्र के बाहर बालू/मोरम के खनन क्षेत्र की पैमाईस किया गया।

क्षे0 मी0 x ग0 मी0 = कुल मात्रा घनमीटर

1284 x 1.2 = 1540.80 घनमीटर

इस प्रकार खनन खनन अनुज्ञा मैसर्स शिवा कार्पोरेशन (इण्डिया) लि0 निदेशक श्री आशू सिंह भाटी पुत्र श्री मगन सिंह भाटी निवासी–45, पश्चिम बिहार, वैशाली नगर, जयपुर राजस्थान द्वारा स्वीकृत खनन पट्टा क्षेत्र के बाहर 1541.00 घनमीटर बालू/मोरम का अवैध खनन कर परिवहन किया जाना पाया गया। जो उ0प्र0 उपखनिज (परिहार) नियमावली–2021 के नियम–3, 58, 72 का स्पष्ट उल्लंघन है।"

उपरोक्तानुसार प्रस्तुत निरीक्षण आख्या के अनुसार आप द्वारा किया गया उक्त कृत्य अपने स्वीकृत क्षेत्र के बाहर 1,541.00 घनमीटर उपखनिज बालू/मोरम का अवैध खनन कर परिवहन किये

2...

(2)

